आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

नड्डा

भारत में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस के मामले पाए जाने के बाद केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ एक बैठक कर निर्देश जारी किए गए हैं। एच.एम.पी.वी वायरस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एक संदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि ये वायरस कोई नया वायरस नहीं है और इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

संशोधित मतदाता सूची

निर्वाचन विभाग ने प्रदेश की संशोधित मतदाता सूची जारी कर दी है। सूची के अनुसार प्रदेश में 34 हजार 234 मतदाता बढ़े है। सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में अब कुल 56 लाख 62 हजार 423 मतदाता पंजीकृत है जिनमे 28 लाख 59 हजार 79 पुरुष मतदाता है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 28 लाख 3 हजार 305 है।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बीते कल 6 जिलों की उंची चोटियों में बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश हुई है। इससे तापमान में पांच से सात डिग्री सैल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई जबकि दो दिन पहले तक प्रदेश में तापमान सामान्य से 11 डिग्री सैल्सियस तक अधिक पहुंचा था।

गणतंत्र दिवस

इस वर्ष गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मनाया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने एक बैठक की और सभी विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि इस समारोह में लगभग 27 दल परेड का हिस्सा बनेंगे। वहीं लगभग 25 विभागों की झांकियां भी देखने को मिलेगी। जन जागरूकता के लिए झांकियों में सरकारी योजनाओं की जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएंगी और इस बार शहर के चयनित स्थानों पर इन झांकियों को दो दिनों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा।

स्पेशल स्टोरी शिक्षक

शिक्षा के साथ–साथ शिक्षक अगर छात्रों की मजबूरियों को समझकर मदद का हाथ बढ़ाएं तो वे समाज के लिए एक उदाहरण बन जाते हैं। ऐसा ही उदाहरण मंडी जिला के दुर्गम क्षेत्र चौहारघाटी के प्राईमरी स्कूल गढ़गांव में कार्यरत अनुबंध शिक्षक प्यारचंद सकलानी बने हैं। इन्होंने सर्दियों के इस मौसम में स्कूल के जरूरतमंद 14 बच्चों के लिए गर्म जूते और जुराबें मुहैया करवाए हैं जबकि दो जरूरतमंद बच्चियों के लिए गर्म कपड़े और स्कूल बैग उपलब्ध करवाकर मदद की है। आकाशवाणी से बातचीत में प्यारचंद सकलानी ने बताया कि वे बच्चों की शिक्षा के साथ–साथ उनकी जरूरत को पूरा करने के लिए सहयोग की कोशिश करते रहते हैं।

आगजनी

शिमला जिला में रोहड़ू के कुठाड़ा गांव में बीती रात आग लगने की घटना में एक बहुमंजिला मकान जलकर राख हो गया। इस घटना में दोसरी देवी नाम की एक बुजुर्ग महिला की झुलसकर मौत हो गई है। स्थानीय लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया और इसे गांव में फैलने से रोका गया। प्रशासन की तरफ से फौरी राहत के तौर पर दस हजार रूपए की राहत राशि प्रदान की गई है।